पंचदश बिहार विधान सभा

द्वादश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02

सोमवार, दिनांक-17 फरवरी, 2014 ई० ।

मानीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.35 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित । सदन नेता के अनुरोध पर आसन से घोषणा की गई कि प्रश्नगत विषय की जाँच हेतु विशेष समिति का गठन किया जाएगा ।

(ii) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रम संख्या 14 शिक्षा विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 04 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 28 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन की सूचना :-

माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[3] शून्यकाल की सूचना :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह

''आसन से घोषणा की गई कि इस विषय को सरकार गम्भीरता पूर्वक देखेगी ।''

(ii) श्री प्रदीप कुमार

(iii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(iv) श्री राजेश्वर राज

(v) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(vi) श्री विनोद प्रसाद यादव

(vii) डा० दाउद अली

(viii) डॉ० इजहार अहमद

(ix) श्री जनक सिंह

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचना</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव एवं अन्य सभासदों का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा उत्तर दिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 4.15 बजे अप० तक ।

[5] <u>सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना</u> :- <u>वित्तीय कार्य</u> :-

(i) माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-2014 के तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरण को सदन में उपस्थापित किया गया ।

(ii) माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय व्यय विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया एवं बजट भाषण दिया गया ।

[6] <u>महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद</u> :-

माननीय सदस्य श्री राजेश्वर राज द्वारा महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

माननीय सदस्य डॉ० दाउद अली द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपना पक्ष रखा गया ।

माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री नन्दकिशोर यादव द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना संशोधन प्रस्तुत करते हुए पक्ष रखा गया ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

सदन की सहमति से नेता प्रतिपक्ष के भाषण होने तक सदन की अवधि का विस्तार किया गया ।

आसन से घोषणा की गयी कि यह वाद-विवाद कल दिनांक 18.02.2014 को भी जारी रहेगी ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल (07) सात निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार दिनांक 18.02.2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-17.02.2014

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।